# University in News on 21 December 2024

## HINDUSTAN PAGE 6

### मूक कोर्स के बारे में जानकारी दी गई

लखनऊ। एलयू की मूक स्वयं समिति और पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग की ओर से मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स की डिजाइनिंग और विकास पर संगोष्ठी का आयोजन किया। समिति अध्यक्ष डॉ. किरण लता डंगवाल ने एनईपी 2020 के अनुरूप एमओओसी पहलों को बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय के नजरिए को बताया। पुस्तकालय और सूचना विज्ञान विभाग के प्रमुख डॉ. प्रवीश प्रकाश ने ई-लर्निंग और डिजिटल शिक्षा में विभाग के योगदान पर बात की।